## बच्चे के पेट से 1.4 किलो की गांठ निकाली

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के पीडिया सर्जरी विभाग के डॉक्टर्स की टीम ने पिछले दिनों एक माह की आयु के बच्चे के पेट से 1.4 किलोग्राम वजन गांठ को ऑपरेशन से निकालकर उसे जीवनदान दिया।

यह ऑपरेशन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोगय योजना के तहत पूर्णतः निःशुल्क किया गया। पीडिया सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर गिरिश प्रभार के दिशा निर्देश में सहायक आचार्य डॉ. एम.एल. काजला ने यह बड़ा ऑपरेशन किया। एनिस्थिसिया टीम में डॉ. सोनाली धवन, डॉ. गरिमा शर्मा तथा डॉ. शिवा सहित नर्सिंग स्टाफ राहुल शर्मा सहित अन्य सहायक स्टाफ आदि का विशेष सहयोग रहा।

डॉ. काजला ने बताया कि एक माह के बच्चे के परिजन उसके पेट में फुलावट की शिकायत लेकर आए जो कि पिछले 15 दिवस में बहुत तेजी से बढ रही थी। बच्चे का परीक्षण करने पर पेट में एक बहुत बड़ी गांठ पाई गई जो पेट के उपरी हिस्से से बिचले हिस्से तक तथा पेट के दोनों (दाय व बायें) हिस्से में फैली हुई थी।

आवश्यक जाचें एवं पेट की सोनोग्राफी के बाद बच्चे के ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन के लिए पेट खोलने पर बहुत बड़ी गांठ (काईलस सिस्ट) मिली जो की छोटी आंत को सप्लाई करने वाली खून की नशों के बीच जुड़ी हुई थी। गांठ के साथ छोटी आंत का हिस्सा भी निकाला गया जिससे वह जुड़ी थी। आंत के दोनों हिस्सों को आपस में ऑपरेशन कर आपस में जोड़ा गया।

# कलेक्टर-एस.पी. ने लिया मुकाम मेले की तैयारियों का जायजा

- मुकाम मेले में देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसके मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए
- कलेक्टर ने पेयजल, बिजली, सड़कों के पैचवर्क, छाया आदि के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली
- मेले के दौरान उपखंड अधिकारी के निर्देशन में कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि एवं पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने 8 से 12 मार्च तक मुकाम में भरने वाले मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मेला स्थल का दौरा किया और अधिकारियों को सभी इंतजाम चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि मुकाम मेले में देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस विभाग द्वारा पर्याप्त जाब्ता लगाया जाए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान उपखंड अधिकारी के निर्देशन में कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा। जिला कलेक्टर ने पेयजल, बिजली, सड़कों के पैचवर्क, छाया आदि के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को आने जाने वाले मार्ग में कोई असुविधा नहीं हो, इसके लिए स्थानीय लोगों के साथ समन्वय करें और आवश्यकता के अनुसार सभी व्यवस्थाएं देखें। उन्होंने नेटवर्क की समस्या के लिए अतिरिक्त मोबाइल वैन उपस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान मादक पदार्थों की बिक्री एवं सेवन पर प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पहले ही कर ली जाएं।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के साथ मुकाम मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के साथ व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। जिला कलेक्टर ने कहा कि मेले के दौरान बेरिकेड्स इत्यादि लगवाकर समुचित इंतजाम किए जाएं। स्थानीय प्रशासन इसके लिए अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा पदाधिकारियों से समन्वय कर व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए काम करें।

पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने सुरक्षा इंतजाम के संबंध में जानकारी दी और कहा कि मेले के दौरान सीसीटीवी कैमरे चालू रखे जाएं, जिससे मेले में आने वाले असामाजिक तत्वों पर फेस डिटेक्टर के माध्यम से प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

इस दौरान नोखा एसएचओ आईपीएस आदित्य, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज दुबे, सहायक अभियंता हेमंत चौधरी, तहसीलदार नरेन्द्र बापेड़िया, अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के महासचिव रूपाराम कालीराणा, राष्ट्रीय सचिव डॉ.अशोक धारणिया, कार्यालय सचिव हनुमान दिलोईया, सोहनलाल, रामलाल, रविन्द्र, मांगीलाल सारण सहित संबंधित अधिकारी एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

**जैन मंदिर में स्नात्र पूजा आज :** गोगागेट के बाहर स्थित कोचरों की दादाबाड़ी में स्थित जीरावाला भगवान पार्श्वनाथ जैन मंदिर में रविवार को श्री चिंतामणि जैन मंदिर तत्वावधान में श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ से सम्बद्ध ज्ञान वाटिका के बाल श्रावक-श्राविकाओं की ओर से सुबह आठ बजे स्नात्र पूजा की जायेगी।

श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष निर्मल धारीवाल ने बताया कि रविवारीय जिनालय पूजा कार्यक्रम के तहत भगवान श्री जीरावाला भगवान पार्श्वनाथ जैन मंदिर में ज्ञान वाटिका की सुनीता नाहटा, रविवारीय स्नात्र पूजा के समन्वयक ज्ञान सेठिया व पवन खजांची के नेतृत्व में 24 तीर्थंकरों का जन्म कल्याणक मनाया मनाया जायेगा। देव व गुरू के भक्तिगीतों की प्रस्तुतियां दी जायेगी।

**हनुमानगढ़।** राज्य सरकार के अस्पतालों, स्कूलों तथा कार्यालयों के निरीक्षण निर्देशों की पालना में जिला कलेक्टर काना राम शुक्रवार को तहसील कार्यालय हनुमानगढ़ और पीएचसी किशनपुरा दिखनादा में औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

शुक्रवार सुबह उन्होंने तहसील कार्यालय हनुमानगढ़ का निरीक्षण किया और उपस्थित पंजिका को देखा। इस दौरान उन्होंने तहसील में रिकॉर्ड को सही से संधारित करने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

पीएचसी किशनपुरा दिखनादा में बन रही नई बिल्डिंग का उन्होंने निरीक्षण किया तथा रूके हुए निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचसी में ओपीडी, आईपीडी, साफ सफाई, दवाईयों के स्टोर रूम में व्यवस्थाओं को जांचा। जिला कलेक्टर ने दवाईयों के स्टॉक, एक्सपायर डेट इत्यादि को देखा।

फार्मासिस्ट अनित कुमार ने बताया कि पीएचसी की नई बिल्डिंग बन रही है इसलिए पीएचसी को सब सेंटर में ही संचालित किया जा रहा है। पीएचसी में महीने की 1900 के लगभग ओपीडी है तथा 18 आईपीडी है। पीएचसी के निरीक्षण दौरान नर्सिंग ऑफिसर मंजू सुथार, फार्मासिस्ट अमित कुमार, हेल्थ वर्कर रूपिंदर कौर, श्रीमती इंद्रा, लैब टैक्नीशियन प्रदीप कुमार उपस्थित थे।

## पिस्तौल दिखा दो जगह लूटपाट

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर में बाइकर्स गिरोह फिर सक्रिय हो गया है। बाइक सवार दो युवकों ने पिस्तौल दिखाकर जान से मारने का भय दिखाकर जवाहर नगर थाना क्षेत्र कालूवाला चक के रेलवे अंडरब्रिज के पास एक कर्मचारी से लूटपाट की। उससे मोबाइल और पर्स लूट लिया।

पीड़ित ने इस वारदात की सूचना पुलिस तक पहुंचाई उससे पहले बाइकर्स गिरोह ने एच ब्लॉक में राहगीर युवती को पिस्तौल दिखाकर मोबाइल व पर्स लूट लिया। सीओ सिटी आईपीएस बी आदित्य ने बताया कि अलग अलग स्थानों पर हुई दो जगह हुई इस लूटपाट की वारदातों के संबंध में जांच की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दो घटनाओं के संबंध में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बाइकर्स गिरोह के बारे में सुराग ढूंढा जा रहा हैं।

कोतवाली थाना क्षेत्र सी ब्लॉक में दस फरवरी की रात करीब आठ बजे राहगीर गुरूनानक बस्ती निवासी कमल डाबला पैदल अपने घर लौट रहा था। बाइक सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट कर ले गए। उसके शोर मचाने पर राहगीरों ने भी मदद नहीं की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुराग जुटाने का प्रयास भी किया, लेकिन परिणाम अब तक सामने नहीं आया है।

इंडस्ट्रीयल एरिया अग्रसेन नगर थर्ड फेज में राधे राधे गेस्ट हाउस के पास रेहडी पर सब्जी विक्रेता उत्तरप्रदेश निवासी विमल किशोर को बाइक सवार तीन युवकों ने घेर लिया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर चार हजार रूपए की नकदी और सोने का लॉकेट लूट लिया। जवाहर नगर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगाला लेकिन सुराग नहीं लग पाया है।

## सार-समाचार

### चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान सरकार की ओर से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलबध करवाने की मंशानुरूप शनिवार को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने पीबीएम के मर्दाना अस्पताल में चिकित्सा सहित अन्य विभिन्न समस्याओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. सोनी ने ऑपरेशन थियेटर, इंटरनल कॉलिंग सेवा पीबीएक्स, लिफ्ट सहित साफ- सफाई, स्टाफ उपस्थिति आदि की व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान प्राचार्य सोनी ने कहा कि ऑपरेशन थिएटर के आस पास अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश नहीं हो, ओटी होने वाले मरीज का अवलोकन तीन से चार स्तरीय सत्यापन व्यवस्था के तहत किया जाए ताकि एक ही नाम के दो या दो से अधिक मरीजों के ऑपरेशन के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के बाद प्राचार्य सोनी ने अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. अनिता पारीक को निर्देश देते हुए कहा कि साफ सफाई की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित हो, इंटरनल कॉल सुविधा चालू रहे, नर्सिंग स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में रहें। इसी के साथ प्राचार्य डॉ. सोनी ने डीसीएनएस को ओटी ए ब्लॉक में एमओटी को पुनः चालू करवाने के निर्देश दिए। लिफ्ट का निरीक्षण किया तो खराब पाई गई। इस पर तुरंत लिफ्ट रिपेयर करवाने के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम का फोन 24 घंटे शुरू रखने के निर्देश दिये।

### बकाया पर 31 बिजली कनेक्शन काटे

**नोखा,** (कासं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड नोखा के बकाया राजस्व वसूली अभियान के तहत शनिवार को आथूणा बास क्षेत्र में 9 लाख 80 हजार 7 सौ रुपये बकाया को लेकर 31 विद्युत कनेक्शन काटे गए तथा मौके पर ही 1 लाख 53 हजार रुपये के बिल जमा किये गए। सहायक अभियंता कौशलेंद्र सिंह फौजदार के निर्देशन पर कनिष्ठ अभियंता शहर संदीप चौधरी की टीम बकाया वसूली अभियान में जुटी रही। राजस्व वसूली अभियान में कई टीमें गठित की है जिनमें सहायक अभियंता (रिकवरी) के अलावा नोखा शहर में कनिष्ठ अभियंता संदीप चौधरी के नेतृत्व में, नोखा ग्रामीण क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता सपना मीणा के नेतृत्व में तथा पाँचू क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता दयाराम मीणा के नेतृत्व में टीमें गठित की गई है। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया है वो निगम कार्यालय में अथवा डिजिटल प्रक्रिया द्वारा समय पर बिजली बिल जमा करवा दें।

### 'डबल इंजन सरकार करेगी विकास'

**बीकानेर,** (कासं)। उद्योग तथा वाणिज्य, सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शनिवार शाम सर्किट हाउस पहुंचे। यहां पहुंचने पर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बुके भेंट कर मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का स्वागत किया। वहीं डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा, अखिलेश प्रताप सिंह, भवानी सिंह मेड़तिया, नरसिंह सेवग, युधिष्ठिर सिंह भाटी, जितेंद्र सिंह राजवी, डॉ. सिद्धार्थ असवाल, सुभाष मित्तल, अनिल शुक्ला और कमल बोथरा सहित अनेक लोगों सहित अनेक लोगों ने मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की अगवानी की। इस अवसर पर मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की प्रत्येक गांव, ढाणी और शहर में अभूतपूर्व विकास हो, डबल इंजन सरकार की यही मंशा और संकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दो माह में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। वहीं गत दस वर्षों में देश वासियों ने अभूतपूर्व प्रगति देखी है। आने वाले समय में यह विकास और अधिक तीव्र गति से होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष कल बीकानेर में

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को बीकानेर आयेंगे। देवनानी राजकीय वाहन द्वारा दोपहर 1 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। वे 2:30 बजे तक सर्किट हाउस में ठहरेंगे। देवनानी दोपहर 3 बजे स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 4:30 बजे सिंधी समाज द्वारा आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। इसके बाद 7 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 108 और 104 एम्बुलेंस संचालन में पकड़ी गंभीर अनियमितता

- नर्सिंग का कार्य करने वाले ईएमटी द्वारा ही वाहन चलाया जा रहा था
- लॉग बुक व उपस्थिति की जांच करने पर पाया कि ईएमटी और पायलट 15-15 दिन एम्बुलेंस संभाल रहे थे

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत जिले में अस्पतालों का निरीक्षण लगातार जारी है। शुक्रवार को संयुक्त निदेशक बीकानेर जोन डॉ देवेन्द्र चौधरी की ओर से जिला अस्पताल नोखा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पांचू और कक्कू का औचक निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने 104 व 108 एम्बुलेंस के संचालन में गंभीर अनियमितताएं पकड़ी।

नोखा जिला अस्पताल से बीकानेर रैफर हुए मरीज को पीबीएम अस्पताल ले जाने के लिए नागौर के श्रीबालाजी से 108 एम्बुलेंस आई हुई थी। जिसमें ड्राइवर ही नहीं था। यानी नर्सिंग का कार्य करने वाले ईएमटी द्वारा ही वाहन चलाया जा रहा था। लॉग बुक व उपस्थिति की जांच करने पर पाया कि ईएमटी और पायलट 15-15 दिन एम्बुलेंस संभाल रहे थे। जबकि प्रतिदिन 12 घंटे में ड्यूटी बदलनी चाहिए। इस लापरवाही से मरीज की जान को भी खतरा हो सकता है। 108 एम्बुलेंस के नागौर इंचार्ज से बात करने पर उसने अपनी गलती स्वीकार कर ली।

डॉ चौधरी ने एम्बुलेंस संचालन को तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिए। ऐसा ही हाल कक्कू अस्पताल में खड़ी 104 एम्बुलेंस का था। जहां 15-15 दिन की शिफ्ट में ड्यूटी की जा रही थी। यहां 95 प्रतिशत कार्य केवल प्रसुताओं को घर छोड़ने का पाया गया। बीमार गर्भवती महिला व बीमार 1 वर्ष तक के बच्चों को लाने ले जाने का कार्य एम्बुलेंस द्वारा नहीं किया जा रहा था। जननी शिशु सुरक्षा योजना का पूर्ण लाभ नहीं दिया जा रहा था। पांचू अस्पताल में 108 एम्बुलेंस में अग्निशमन यंत्र एक्सपायर्ड था। यहां एम्बुलेंस में ही स्टेपनी को रखा गया था जो कि नियम के विरूद्ध है। एम्बुलेंस की डिसइनफेक्टेंट से सफाई भी नहीं की जा रही थी। यहां कार्यरत ईएमटी सही तरीके से प्रशिक्षित नहीं पाई गई जिसे भी डॉ चौधरी ने गंभीरता से लिया। उन्होंने प्रकरण को राज्य सरकार के पास भेजने के निर्देश दिए।

## घुटना दर्द निवारण शिविर

**बीकानेर,** (कासं)। मुक्ति संस्था, बीकानेर के तत्वावधान में सोलहवां कुसुम देवी डागा स्मृति घुटना दर्द निवारण शिविर 04 मार्च को आयोजित किया जायेगा। शिविर का उद्घाटन नगर विधायक जेठानंद व्यास और जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम करेंगी।

कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट महेन्द्र जैन ने बताया कि महिलाओं के उत्थान के लिए जीवन पर्यन्त संघर्षशील रही समाजसेवी कुसुम देवी डागा की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से 16 वर्ष पहले प्रारंभ किये गये निशुल्क कुसुम देवी डागा स्मृति घुटना दर्द निवारण शिविर इस वर्ष 4 मार्च को नत्थूसर बास स्थित ब्रह्म बगीचा, नयाशहर थाने के पीछे आयोजित होगा।

कार्यक्रम समन्वयक हजारी देवड़ा ने बताया कि घुटना पीडितों को अनुभवी चिकित्सकों द्वारा जांच कर जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क नीबेल्ट वितरण किये जायेंगे।

## छात्रा को पिस्तौल दिखा अंगूठी व मोबाइल छीना

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर में आइलेट्स की तैयारी के लिए आई छात्रा से शनिवार को लूट की वारदात हो गई। छात्रा प्राइवेट पीजी से निकलकर कुछ दूर ही गई थी। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवकों ने उसे पिस्तौल दिखाई और उसकी अंगूठी व मोबाइल छीन लिए। आरोपी लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।

मामला बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर जिले का है। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच पुलिस ने जानकारी जुटाई। पुलिस के मुताबिक जयपुर की छात्रा इंदु सोनी शहर के एच ब्लॉक इलाके में शनिवार को ही आई थी। उसे आइलेट्स की तैयारी करनी थी। शहर के एच ब्लॉक इलाके में ऐसे कई इंस्टीट्यूट हैं, जहां इस तरह की परीक्षा की तैयारी होती है। छात्रा ने यहां रहने के लिए मुस्कान पीजी को चुना। वह शनिवार सुबह पीजी पहुंची और संचालक से वहां रहने के बारे में बातचीत की।

## अर्जुनराम मेघवाल प्रत्याशी

**बीकानेर,**(कासं)। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से जारी पहली सूची में बीकानेर लोकसभा सीट से कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को चौथी बार भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। मेघवाल के प्रत्याशी घोषित होने के बाद शहर भाजपा अध्यक्ष विजय आचार्य व महामंत्री मोहन सुराना के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद सेवा केन्द्र के बाहर आतिशबाजी कर जश्न मनाया व एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता गुमान सिंह राजपुरोहित, रवि शेखर मेघवाल, जितेन्द्र राजवी, मनीश सोनी, सागीलाल गहलोत, अशोक प्रजापत, कुनाल कोचर, गोपाल अठावाल, पंकज अठावाल, अजय खत्री, इमरान कयामखानी, हिमाशु शर्मा, राजकुमार व्यास, पवन सुथार व नरेश नायक ने एक दूसरे को बधाई दे खुशी मनाई।

# खेत में अवैध अफीम की खेती पकड़ी

- श्रीडूंगरगढ़ के मोमासर गांव की रोही स्थित एक खेत से पुलिस ने अफीम के पौधे बरामद किए

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में शनिवार को पुलिस ने एक खेत में दबिश देकर अवैध अफीम खेती पकड़ी। पुलिस ने बड़ी संख्या में अफीम के पौधे बरामद किए हैं।

बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस ने की है। श्रीडूंगरगढ़ एसएचओ इन्द्रकुमार ने शनिवार को अपनी टीम के साथ थानान्तर्गत मोमासर गांव की रोही स्थित एक खेत में यह कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस को खेती के बीच बड़ी संख्या में अफीम के पौधें मिले। जिनको पुलिस ने जब्त करने की कार्रवाई की है। हालांकि अभी तक पूरी तरह से खुलासा नहीं हो पाया है कि यह कार्रवाई किस किसान के खेत में की है तथा कितनी संख्या में अफीम के पौधे जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस मौके पर ही है तथा कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

बीकानेर जिले में अवैध अफीम की खेती के कई मामले पहले भी सामने आ चुके है। किसान अपनी खेती-बाड़ी की आड़ में अपने खेतों में नशा पनपा रहे है, किंतु अफीम के पौधे की खुशबू को वे नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं।

## शिवराज छंगाणी को श्रद्धांजलि दी

**बीकानेर,** (कासं)। द पुष्करणाज फाउंडेशन एवं राजस्थानी साफा पाग पगड़ी कला संस्कृति संस्थान व अर्जुन तीरंदाजी संस्थान द्वारा स्थानीय नत्थूसर गेट के बाहर सृजन सभागार में राजस्थानी भाषा कला, संस्कृति के पूर्व अध्यक्ष शिवराज छंगाणी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें द पुष्करणा फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश रंगा ने बताया कि शिवराज छंगाणी पुष्करणा स्कूल के प्रधानाचार्य भी थे और राजस्थानी भाषा के सच्चे सपूत थे। उन्होंने विभिन्न भाषाओं और साहित्यों में अच्छा योगदान रहा। उनसे तीन पीढ़ी तक छात्र-छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण की।कृष्णचन्द पुरोहित ने बताया कि शिवराज छंगाणी हमेशा खेल, कला, शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान रहा है।

# संगरिया के गांव बुगलांवाली में बेर के आकार के ओले गिरे

- हनुमानगढ़-बीकानेर में तेज हवा चलने से गेहूं की फसल आड़ी गिर गई

**हनुमानगढ़/बीकानेर,**(कासं)। जिले में दो दिनों से मौसम अचानक बदल गया है। शनिवार दोपहर एक बजे अचानक मौसम बदल गया। जिला मुख्यालय पर मेघ गर्जना के साथ तेज बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया।

वहीं संगरिया तहसील क्षेत्र के गांव बुगलांवाली में शुक्रवार शाम को बेर के आकार के ओले गिरे। पूर्व उप सरपंच संदीप सिद्धू ने बताया कि मौसम ने अचानक पलटा खाया। देर शाम तेज हवाओं के बाद बारिश शुरू हो गई। करीब चार-पांच मिनट तक बेर जैसे ओले गिरे। तेज बूंदाबांदी होने के बाद मंडियों में कपास की फसल बेचने को आए किसान बेचैन हो गए। वे कपास आदि समेटने में जुटे रहे। कुछ गांवों में शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद दिन भर बादलों के चलते धूप-छांव का दौर चला।

मौसम में बदलाव के चलते किसान खेतों में पक कर तैयार फसलों को समेटनी शुरू कर दी है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश व ओलावृष्टि हुई तो फसलों में भी खराबा होगा। कृषि विभाग के अधिकारियों का मानना है कि ओलवृष्टि से हर हाल में नुकसान ही होगा। तेज हवा चलने पर भी फसलें नीचे की तरफ जा रही है।

बीकाणा का मौसम बीती रात को ही बदल गया था। रात से बीकाणा में तेज हवा चल रही है। जिसने अंधड़ का रूप ले लिया है। शनिवार को सवेरे-सवेरे बूंदाबांदी होने के बाद बीकाणा का मौसम खुशनुमा हो गया। उसके बाद बीकाणा में आज 35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही है। बीकाणा में बूंदाबांदी के बाद तापमान में अचानक गिरावट आई है। शनिवार को बीकानेर में अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 09 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि 01 मार्च को अधिकतम तापमान 26 डिग्री था तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा था। मौसम विभाग व मौसम के जानकारों की मानें तो इस सप्ताह मौसम के मिजाज इसी तरह के रहने वाले है।

**नगर परिषद का अमला दौड़ा :** श्रीगंगानगर इलाके में बरसात होने के आसार बनने पर नगर परिषद प्रशासन ने आखिर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए मुख्य नाले में अटकी गंदगी को साफ कराया। सभापति गगनदीप कौर की अगुवाई में नगर परिषद अमले ने सूरतगढ़ रोड पर बालाजी मूर्ति के पास एक दुकान के आगे पक्के चबूतरे तो तोड़ दिया। इसके बाद नाले से जेसीबी मशीन के माध्यम से सिल्ट निकालने का दौर शुरू हुआ। मिट्टीनुमा कट्टे निकले तो लम्बे समय के बाद इस नाले से पानी बहने लगा। सभापति गगनदीप कौर ने बताया कि लंबे समय से शहर के मुख्य नालों की सफाई की अनदेखी हो रही थी। इस कारण गंदे पानी की निकासी अटकने लगी हैं। बरसात का मौसम होने पर मुख्य नालों की सफाई अब बेहतर तरीके से करने की प्रक्रिया शुरू कराई गई हैं।

इधर मीरा चौक से लेकर चहल चौक तक मुख्य नाले की सफाई भी लम्बे से नहीं हुई हैं। इंदिरा वाटिका के पास यह नाला ब्लॉक हो गया हैं। इंदिरा वाटिका के बाहर रोजाना काफी रेहड़ियां लगती हैं। खाद्य पदार्थ का इस्तेमाल करने के उपरांत डिस्पोजल सीधा इस नाले में डाला जा रहा है।


